7. वचन

शब्द का वह रूप जो संज्ञा शब्द की एक या एक से अधिक संख्या बताता है, वचन कहलाता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ पृष्ठ 31 पर दिए खंड क, खंड ख के वाक्यों को पढ़वाएँ तथा छात्रों से उनका अंतर जानें।
- ❖ छात्रों को वचन की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ वचन की परिभाषा छात्रों से सुनें।
- ❖ वचन के दोनों भेदों के बारे में पहले छात्रों से पूछें फिर स्वयं बताएँ।
- ❖ वचन की पहचान करना सिखाएँ। पृष्ठ 32 पर दिए उदाहरण पढ़ें और समझाएँ।
- ❖ बताएँ, आदर-सम्मान प्रकट करने के लिए एकवचन का बहुवचन में प्रयोग किया जाता है। पृष्ठ 32 के उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करें।
- ❖ एकवचन से बहुवचन कैसे बनाए जाते हैं इसके नियम समझाएँ। पृष्ठ 33-34 पर दिए शब्दों को पढ़वाएँ तथा इनके बनने के नियम स्पष्टतया समझाएँ।
- ❖ सदा एकवचन तथा सदा बहुवचन में प्रयोग होने वाले शब्दों के समझाने के लिए वाक्य प्रयोग के उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें।
- ❖ बीच-बीच में छात्रों की पाठ में उपस्थिति जाँचने के उद्देश्य से प्रश्न करें।
- ❖ कुछ शब्दों का रूप एकवचन तथा बहुवचन में एक समान रहता है।
- ❖ सुनिश्चित कर लें कि छात्र पाठ भली-भाँति समझ पा रहे हैं या नहीं।
- ❖ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।